मांग संख्या 06

मुख्य शीर्ष 2054

मद कमांक 1

राज्य शासन द्वारा रायपुर/बिलासपुर प्रशिक्षण शालाओं को सूचना प्रौद्योगिकी से जोड़ने तथा प्रशिक्षण शालाओं को कम्प्यूटर फोटो कॉपियर मशीन प्रोजेक्टर इत्यादि हेतु निर्णय लिया गया है । इस पर रूपये 10.00 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु रूपये 10,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 2 से 4

संचालनालय कोष एवं लेखा के मुख्यालय हेतु लेखन सामग्री फार्म छपाई प्रशिाक्षण, यात्रा संचालन मदों में अतिरिक्त राशि रूपये 22.80 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु 22,80,000 रूपये अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 5

संभागीय कार्यालयों एवं कोषालयों के लंबित विद्युत देयकों एवं जल प्रभार भुगतान रूपये 10.58 लाख के अतिरिक्त व्यय का अनुमान है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु रूपये 10,58,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 6

स्थानीय निधि संपरीक्षा के मुख्यालय हेतु एक फोटो कॉपियर मशीन क्रय करने का निर्णय लिया गया है । इस पर रूपये 1.80 लाख का व्यय संभावित है । यह क्रय विभागीय बचत से किया जावेगा ।

अतः इस प्रयोजन हेतु रूपये 100 के प्रतीक प्रावधान की आवश्यकता है ।

मुख्य शीर्ष 4070

मद कमांक 7

संचालनालय कोष एवं लेखा में स्थापित कम्प्यूटर सर्वर के लिये जनरेटर क्रय हेतु निर्णय लिया गया है । इस पर रूपये 4.34 लाख का व्यय संभावित है । क्रय संभावित बचत से किया जावेगा ।

अतः इस प्रस्ताव हेतु 100 रूपये का प्रतीक प्रावधान किया गया है ।